हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

(तिथि 20 दिसंबर 2024, समय 1305 (5 मिनट)

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओम प्रकाश चौटाला का निधन हो गया है. उन्होंने, 89 वर्ष की आयु में गुरुग्राम के मेदांता अस्पताल में अंतिम सांस ली।हमारे संवाददाता ने बताया कि सांस में दिक्कत के चलते उन्हें सुबह 11.30 बजे अस्पताल लाया गया। करीब 12 बजे के बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। ओम प्रकाश चौटाला सात बार विधायक और पांच बार हरियाणा के मुख्यमंत्री रहे।पूर्व मुख्यमंत्री एवं केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

****

दिल्ली पुलिस ने भारतीय जनता पार्टी की शिकायत पर कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। यह एफ.आई.आर. संसद भवन परिसर में कल विरोध-प्रदर्शन के दौरान धक्का-मुक्की में दो भाजपा सांसदों को चोट लगने के बाद दायर की गई। दिल्ली पुलिस ने कहा कि प्राथमिकी से केवल भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 हटा दी है, शेष सभी धाराएं वही हैं जो शिकायत में लगायी गयी हैं।भाजपा सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने सांसद बांसुरी स्वराज और हेमांग जोशी के साथ कल संसद भवन थाने में लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज कराया।

शारीरिक हमला और उकसाने के लिए जो हमने विस्तार में बताया है कि जो घटनाक्रम हुआ पार्लियामेंट के मकर द्वार के बाहर हमने श्रीमान राहुल गांधी जी के खिलाफ दिल्ली पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

****

वहीं, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सख्त निर्देश जारी किया है कि कोई भी राजनीतिक दल, सासंद या सांसद समूह संसद भवन के किसी भी गेट पर धरना - प्रदर्शन नहीं करेंगे। कल संसद भवन परिसर में विरोध-प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस और भाजपा सांसदों के बीच धक्का-मुक्की की घटना को देखते हुए यह निर्देश जारी किया गया है। इस घटना में दो सांसदों को चोट लगी थी, जिन्हें अस्पताल में भर्ती करना पड़ा।

****

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सशस्त्र सीमा बल के स्थापना दिवस पर बल के सभी अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी है।एक सोशल मीडिया पोस्ट में, श्री शाह ने कहा कि एस.एस.बी ने अपने बलिदान और वीरता से राष्ट्रीय सुरक्षा और सार्वजनिक सेवा को सर्वोपरि बनाया है।

****

हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉक्टर साकेत कुमार ने कहा है कि सीएम विंडो पर आने वाली शिकायतों को लेकर लापरवाही करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने भिवानी जिला से संबंधित एक मामले में लापरवाही को लेकर शिकायतों का पता रखने वाले माड्यूल (सी टी एम)व नागरिक संसाधन सूचना विभाग, क्रिड के नोडल अधिकारी से भी लापरवाही बरतने के चलते स्पष्टीकरण मांगा है। डॉक्टर साकेत कुमार ने कल 15वीं विधानसभा के गठन के बाद सीएम विंडो पर आई शिकायतों के निपटान की समीक्षा के बाद यह आदेश दिए।हरियाणा निवास में आयोजित समीक्षा बैठक में अतिरिक्त प्रधान सचिव ने सभी नोडल अधिकारियों को शिकायतों का तत्परता से समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने क्रिड के नोडल अधिकारी को विशेष हिदायत देते हुए कहा कि क्रिड हेतु लोगों की शिकायतों पर गंभीरता और तत्परता से काम हो और लंबित शिकायतों का जल्द से जल्द समाधान किया जाए। इस दौरान अतिरिक्त प्रधान सचिव ने बिजली, राजस्व, पंचायत विभागों के कई शिकायतों के सम्बन्ध में जानकारी ली।बैठक में प्रस्तावित कार्यवाही उन अधिकारियों पर केंद्रित

रही जिन्होंने वृद्धावस्था पेंशन संबंधी मामलों और नियमित राजस्व प्रकरणों के निपटान में लापरवाही दिखाई थी।

****

केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ के संपदा कार्यालय ने 25 दिसंबर तक मनाए जा रहे सुशासन सप्ताह के हिस्से के रूप में राष्ट्रव्यापी अभियान 'प्रशासन गांव की ओर' में अपनी सक्रिय भागीदारी की घोषणा की है। इस अभियान का उद्देश्य सरकारी सेवाओं की पहुंच को बढ़ाना, पारदर्शिता को बढ़ावा देना और जमीनी स्तर पर नागरिक-केंद्रित शासन को मजबूत करना है।विभाग द्वारा इस अभियान के तहत कल सुबह 9:30 बजे से दोपहर 1 बजे तक सेक्टर 18 के सामुदायिक केंद्र में शिकायत निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा।